दिनांक 29.08.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आवारा मवेशियों की हो रही धरपकड़

भिलाईनगर। रात के समय सड़क पर झुंड बनाकर सड़क के बीचोबीच एवं चौक चैराहों में आवारा मवेशियों के बैठे रहने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसे देखते हुए भिलाई निगम की टीम मवेशियों को पकड़ने का निरंतर अभियान चलाते हुए एक माह के भीतर 636 आवारा मवेशियों को निगम के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़कर गोठान में रख रहे है। सड़क पर घूमते हुए पकड़े मवेशियों के मालिक द्वारा जुर्माना राशि जमा करने के बाद गोठान से छोड़ा जाता है। छत्तीसगढ़ शासन की रोका छेका संकल्प अभियान में व्यावधान डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ निगम ने थाने में लिखित शिकायत की है।

आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर चलाए जा रहे शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत निगम भिलाई का दस्ता जब जवाहर नगर में इंदिरा गांधी कॉलेज के पास पहुंचा तो संकल्प अभियान से जुड़े कर्मचारी एक आवारा मवेशी को पकड़कर काउ केचर में चढ़ाने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति अपने साथियों के साथ आकर निगम के कर्मचारियों से अभद्र गाली गलौच करते हुए पकड़े हुए मवेशी को छुड़ाकर ले गया। जिसकी शिकायत रोका छेका अभियान के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के समक्ष की उन्होंने पूरे घटनाक्रम का हस्ताक्षरयुक्त प्रतिवेदन तैयार कर निगम आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिस पर आयुक्त श्री व्यास ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निगम कर्मचारियों के साथ हुये घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी वैशालीनगर थाना को इस बात को लिखित सूचना दी की उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रंमांक डब्ल्यूपी (पीआईएल) नं 58 /2019 में पारित आदेश 13 जुलाई 2023 के अनुपालन में छ.ग. शासन के समस्त सड़को पर हो रहे दुर्घटनाओं को रोकने हेतु रोका छेका संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सड़को पर पाए जाने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर स्थानीय गोठान में परिबद्ध किया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने साथियों के साथ निगम कर्मचारियों से गाली गलौच करते हुए बलपूर्वक आवारा मवेशी को छुड़वा लिया है। उक्त व्यक्ति द्वारा किया गया यह कृत्य शासकीय कार्य में बाधा है तथा यह शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान की अवमानना है अतः ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहित के अनुसार उचित वैधानिक कार्यवाही करने को कहा गया है।

निगम की टीम मंगलवार को नेशनल हाइवे , सेक्टर 05, मॉडल टाउन चंद्रा मौर्या टॉकिज एरिया , खुर्सीपार, जुनवानी चैक, सूर्या मॉल, लक्ष्मीनगर सब्जी मंडी , आकाशगंगा सब्जी मंडी आदि क्षेत्रों में आवारा मवेशियों की धरपकड़ कार्यवाही की।